**भारत सरकार**

**कोयला मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 3804**

**जिसका उत्तर 18 दिसंबर, 2024 को दिया जाना है**

**कोयला उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु मास्टर प्लान**

**3804. श्रीमती भारती पारधीः**

**श्री अरविंद गणपत सावंतः**

**श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणेः**

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने कोयला उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) को क्रियान्वित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या कोल इंडिया लिमिटेड ने उक्त योजना को बढ़ावा देने के लिए भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त योजना के तहत शुरू की गई कोयला परियोजनाओं का विशेषकर मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में राज्यवार ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस योजना के शुरू होने के बाद कोयला उत्पादन और प्रेषण क्षमता में किस हद तक वृद्धि हुई है?

**उत्तर**

**कोयला एवं खान मंत्री**

**(श्री जी. किशन रेड्डी)**

**(क) :** प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (पीएमजीएस-एनएमपी) 13 अक्टूबर 2021 को अवसंरचना परियोजनाओं की एकीकृत आयोजना और समन्वित निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए प्रारंभ किया गया था। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की परियोजना रिपोर्टों का

विश्लेषण कोयला उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए एकीकृत आयोजना हेतु पीएमजीएस-एनएमपी पोर्टल पर उपलब्ध सूचना के आधार पर किया जाता है।

**(ख)** : भारतीय प्रबंधन संस्थान, मुंबई/संबलपुर द्वारा कोल इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों के लिए एक वर्ष की अवधि के ''डिजिटाइजेशन के माध्यम से लॉजिस्टिक्स और प्रचालन उत्कृष्टता'' संबंधी एक कार्यकारी स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीईएक्स) आयोजित करने के लिए भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) के साथ एक समझौता ज्ञापन किया गया है।

**(ग)** : अक्टूबर, 2021 में पीएमजीएस-एनएमपी के लांच होने के बाद से, सीआईएल ने 54.37 एमटीपीए की संयुक्त क्षमता वाली 7 कोयला खनन परियोजनाओं का प्रचालन किया है। इनमें से एक (01) कोयला खनन परियोजना महाराष्ट्र राज्य में 2.5 एमटीपीए की क्षमता के साथ प्रचालित की गई है तथा मध्य प्रदेश राज्य में 4.0 एमटीपीए की क्षमता के साथ एक (01) कोयला खनन परियोजना प्रचालित की गई है।

**(घ)** : पीएमजीएस-एनएमपी के लांच होने के वित्तीय वर्ष अर्थात् वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान, देश का घरेलू कोयला उत्पादन और प्रेषण क्रमशः 778.21 मि.ट. और 819.21 मि.ट. था। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान घरेलू कोयला उत्पादन और प्रेषण क्रमशः 997.83 मि.ट. और 973.01 मि.ट. हो गया, जो देश में कोयला उत्पादन और कोयले के प्रेषण दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है।

*****